FYBA sem II Hindi I,

9/3/15

N03AAA

समय : २:३० घंटे | पूर्णांक : ७५

प्रश्न - १) निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- (१६)

(क) "और वह बंधन था सदियों में बनाये गये गलत संस्कारों का। उन्हें उन संस्कारों को बदलना था। लोगों को उस धर्म के निकट ले जाना था जो वास्तविक वैदिक – धर्म था, वास्तविक आर्य धर्म था।"

अथवा

"डॉक्टर व छात्र लोग अपनी मोटी – मोटी पोथियाँ पढ़ते – पढ़ते थक जाते हैं तब वे रोगियों की देह से मन चाही खिलवाड़ करने के लिए अस्पताल आ जाते हैं और ठीक उसी प्रकार जब अस्पताल में किसी रोगी के प्राण चले जाते हैं तो डॉक्टर लोग अपना गम कम करने के लिए कॉलेज चले जाते हैं।"

(ख) "गाँठ बाँध लीजिए कि यह सरकार आप लोगों के लिए कुछ नहीं करने जा रही। इसे लगाव आप से नहीं, अपनी कुर्सियों से है और कुर्सियों का तकाज़ा यही है कि अभी ऐसी बातों को गोलमोल करके ही छोड़ दो। कुर्सी और इंसानियत में बैर है। इंसानियत की खाद पर ही कुर्सी के पाए अच्छी तरह जमते हैं।"

अथवा

"देखो सक्सेना, किसी के साथ जोर – जबरदस्ती या सख्ती न हो। मिठास से पेश आओ... लोगों में हिम्मत और हौसला जगे और वे अपनी बात कहें... बिना डर के कहें ... खुलकर कहें। गाँववालों को लगना चाहिए कि उन्हें बोलने का पूरा मौका मिला है। बहुत तसल्ली होती है अगर बात करने का मौका मिले तो। और हमें लोगों का विश्वास जीतना है।"

प्रश्न – २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (२४)

(च) 'गपशप से आदमी की असली और छिपी मनोवृत्तियाँ खुलती हैं।' – 'गपशप' निबंध के माध्यम से इस वाक्य की पुष्टि कीजिए।

अथवा

'एक बड़े अस्पताल के बारे में' निबंध के माध्यम से सरकारी अस्पतालों की वास्तविक स्थिति पर किये गये व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखिए।

पीछे देखिए....

समय : २:३० घंटे | **पूर्णांक : ७५**

(छ) 'महाभोज' उपन्यास की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'महाभोज' उपन्यास में हरिजनों पर होने वाले अत्याचार के यथार्थ रूप को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न – ३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखिए:- (१५)

(ट) 'जमनोत्री की यात्रा' निबंध के माध्यम से लेखक द्वारा की गयी जमनोत्री की यात्रा का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

अथवा

(ठ) 'महाभोज' उपन्यास के माध्यम से वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न – ४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए :- (१०)

(त) स्वामी दयानंद के गुरु।

अथवा

'मेहमान' कहानी की पुष्पा।

(थ) 'महाभोज' उपन्यास के लोचन बाबू।

अथवा

'महाभोज' उपन्यास की भाषा।

प्रश्न – ५) निम्नलिखित प्रश्नों के <u>एक</u> वाक्य में उत्तर लिखिए:- (१०)

१) 'स्वामी दयानंद' निबंध के लेखक का नाम लिखिए।

२) 'गपशप' किसकी रचना है?

३) लेखक विष्णु प्रभाकर कहाँ की यात्रा पर गये थे?

४) लेखक रविन्द्र त्यागी के व्यंग्य का नाम लिखिए।

५) 'मेहमान' कहानी का पति क्या काम करता है?

पीछे देखिए....

NO3AAA

६) 'महाभोज' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

७) 'महाभोज' उपन्यास के केंद्र में कौन – सा गाँव है?

८) उपन्यास के प्रारंभ में किसकी हत्या कर दी गयी है?

९) हरिजनों का गुनाह क्या था?

१०) कानून किस पर चलता है?

****